दैनिक भास्कर
बीकानेर 17-05-2025

# कृषि विवि: चल वैजयंती खेलकूद प्रतियोगिता के विजेताओं का सम्मान

बीकानेर| स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय में 23 वीं चल वैजयंती खेलकूद प्रतियोगिता के विजेताओं का सम्मान समारोह शुक्रवार को विद्या मंडप सभागार में आयोजित किया गया। कुलपति डॉ. अरुण कुमार ने कहा कि खेल स्वस्थ जीवन का आधार है। व्यस्त जीवनचर्या में स्टाफ को स्वास्थ्य लाभ और तनाव से दूर रहने में मदद के लिए यह आयोजन किया जाता है। रजिस्ट्रार डॉ. देवाराम सैनी ने खिलाड़ियों की हौसला आफजाई की और कहा कि खेल एकजुटता की भावना विकसित करते हैं। समारोह के दौरान वीसी सचिवालय टीम को जनरल चैम्पियनशिप से नवाजा गया। रामनिवास को बेस्ट एथलीट का अवार्ड दिया गया। प्रतियोगिता के तहत कबड्डी में विजेता डीईई बीकानेर तथा उपविजेता क्रम्पटोलर टीम, फुटबॉल में विजेता टीम वीसी सचिवालय टीम, उपविजेता क्रम्पटोलर टीम, वालीबाल में विजेता क्रम्पटोलर टीम तथा उपविजेता कृषि महाविद्यालय बीकानेर टीम का सम्मान किया गया। रस्साकसी में विजेता एआरएस टीम तथा उपविजेता डीईई बीकानेर के खिलाड़ियों सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं का सम्मान किया गया। 22वीं अखिल भारतीय अंतर कृषि विश्वविद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता में शामिल होने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मान पत्र दिए गए।


# एसकेआरएयू-23वीं चल वैजयंती खेलकूद प्रति. के विजेताओं का सम्मान समारोह आयोजित

बीकानेर, (निसं)। स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय में 23 वीं चल वैजयंती खेलकूद प्रतियोगिता के विजेताओं का सम्मान समारोह शुक्रवार को विद्या मंडप सभागार में आयोजित किया गया। इस अवसर पर कुलपति डॉ अरुण कुमार ने कहा कि खेल स्वस्थ जीवन का आधार है। व्यस्त जीवनचर्या में स्टाफ को स्वास्थ्य लाभ और तनाव से दूर रहने में मदद के लिए यह आयोजन किया जाता है। उन्होंने अयोध्या के कुमारगंज में आयोजित 22वी अखिल भारतीय अंतर कृषि विश्वविद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता में शामिल होने वाले विद्यार्थियों को भी बधाई दी और कहा कि वर्तमान में खेलों में करियर की असीम संभावनाएं हैं। खेल आत्मविश्वास बढ़ोतरी में भी सहायक है। विद्यार्थी खेलों में भाग लें, विश्वविद्यालय द्वारा हर स्तर पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएगी। रजिस्ट्रार डॉ देवाराम सैनी ने खिलाड़ियों की हौसला अफजाई की और कहा कि खेल एकजुटता की भावना विकसित करते हैं। जीतो और सीखो की भाव रखते हुए विद्यार्थी खेलों से जुड़ें और नेतृत्व, टीम भावना और संघर्षशील बनते हुए जीवन में नये लक्ष्य हासिल करें। उन्होंने स्टाफ और अधिकारियों से भी नियमित रूप से खेलों से जुड़ने का आह्वान किया। वित्त नियंत्रक पवन कस्वां ने कहा कि सह शैक्षणिक गतिविधियां व्यक्तित्व विकास का अहम हिस्सा है.विश्वविद्यालय द्वारा नियमित रूप से आयोजित की जा रही प्रतियोगिता से स्वास्थ्य लाभ के साथ अन्य स्टाफ को प्रेरणा मिलेगी। शैक्षणेत्तर कर्मचारी संघ के सचिव महेंद्र सिंह राठौड़ ने कहा कि तनाव दूर करने और स्वास्थ्य वर्धन के लिए आयोजित खेल स्पर्धा के लिए शैक्षणेत्तर स्टाफ विश्वविद्यालय प्रशासन का आभारी हैं। छात्र कल्याण निदेशालय के निदेशक डॉ एन एस दहिया ने स्वागत उद्बोधन दिया। उन्होंने विभिन्न खेल गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि छात्र कल्याण निदेशालय व स्पोर्ट्स बोर्ड के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय टूर्नामेंट में फुटबाल, टेबल टेनिस, कैरम, क्रिकेट, वॉलीबॉल, शतरंज, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, लंबी कूद, कबड्डी, गोला फेंक, रेसिग आदि खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। डॉ विवेक व्यास और डॉ सीमा त्यागी ने अयोध्या में आयोजित प्रतियोगिता के संस्मरण साझा किये। स्पोर्ट्स बोर्ड सचिव डॉ वी एस आचार्य ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के निदेशक व शैक्षिणेतर कर्मचारी व खिलाड़ी व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### इन टीमों का हुआ सम्मान

कार्यक्रम में वीसी सचिवालय टीम को जनरल चैम्पियनशिप से नवाजा गया। रामनिवास को बेस्ट एथलीट का अवार्ड दिया गया। प्रतियोगिता में कबड्डी में विजेता डीईई बीकानेर तथा उपविजेता क्रम्पटोलर टीम, फुटबॉल में विजेता टीम वीसी सचिवालय टीम, उपविजेता क्रम्पटोलर टीम, वालीबाल में विजेता क्रम्पटोलर टीम तथा उपविजेता कृषि महाविद्यालय बीकानेर टीम का सम्मान किया गया। रस्साकसी में विजेता एआरएस टीम तथा उपविजेता डीईई बीकानेर के खिलाड़ियों सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं का सम्मान किया गया। 22वी अखिल भारतीय अंतर कृषि विश्वविद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता में शामिल होने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मान पत्र दिए गए।

# खेलकूद प्रतियोगिता के विजेताओं का सम्मान समारोह आयोजित



**बीकानेर @ पत्रिका.** स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय में 23वीं चल वैजयंती खेलकूद प्रतियोगिता के विजेताओं का सम्मान समारोह शुक्रवार को विद्या मंडप सभागार में आयोजित किया गया। इस अवसर पर कुलपति डॉ. अरुण कुमार ने कहा कि खेल स्वस्थ जीवन का आधार है। व्यस्त जीवनचर्या में स्टाफ को स्वास्थ्य लाभ और तनाव से दूर रहने में मदद के लिए यह आयोजन किया जाता है। उन्होंने अयोध्या के कुमारगंज में आयोजित 22वीं अखिल भारतीय अंतर कृषि विश्वविद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता में शामिल होने वाले विद्यार्थियों को भी बधाई दी और कहा कि वर्तमान में खेलों में करियर की असीम संभावनाएं हैं।

रजिस्ट्रार डॉ. देवाराम सैनी ने खिलाड़ियों की हौसला अफजाई की और कहा कि खेल एकजुटता की भावना विकसित करते हैं। जीतो और सीखों की भाव रखते हुए विद्यार्थी खेलों से जुड़ें और नेतृत्व, टीम भावना और संघर्षशील बनते हुए जीवन में नए लक्ष्य हासिल करें। वित्त नियंत्रक पवन कस्वां ने कहा कि सह शैक्षणिक गतिविधियां व्यक्तित्व विकास का अहम हिस्सा है।

शैक्षणेत्तर कर्मचारी संघ के सचिव महेंद्र सिंह राठौड़ ने कहा कि तनाव दूर करने और स्वास्थ्य वर्धन के लिए आयोजित खेल स्पर्धा के लिए शैक्षणेत्तर स्टाफ विश्वविद्यालय प्रशासन का आभारी हैं।

## इन टीमों का हुआ सम्मान

**कार्यक्रम** में वीसी सचिवालय टीम को जनरल चैम्पियनशिप से नवाजा गया। रामनिवास को बेस्ट एथलीट का अवार्ड दिया गया। प्रतियोगिता में कबड्डी में विजेता डीईई बीकानेर तथा उपविजेता क्रम्पटोलर टीम, फुटबॉल में विजेता टीम वीसी सचिवालय टीम, उपविजेता क्रम्पटोलर टीम, वॉलीबाल में विजेता क्रम्पटोलर टीम तथा उपविजेता कृषि महाविद्यालय बीकानेर टीम का सम्मान किया गया। रस्साकसी में विजेता एआरएस टीम तथा उपविजेता डीईई बीकानेर के खिलाड़ियों सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं का सम्मान किया गया।